Civil Services (Main) Examination, 2026

वियोज्य DETACHABLE

समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र I)

SOCIOLOGY (Paper I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे *Time Allowed : Three Hours*	*अधिकतम अंक : 250* *Maximum Marks : 250*

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पांच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) किन तरीकों से वर्ग तथा जाति सामाजिक संरचना को आकार देने में एक दूसरे का अंतरानुभाग एवं परस्पर व्याप्ति करते हैं ?
In what ways do class and caste intersect and overlap in shaping social structure ? 10

1.(b) अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में महिलाओं की स्थिति का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।
Critically examine the position of women in the informal economy. 10

1.(c) सामाजिक परिवर्तन एवं विकास में भौगोलिक कारकों की भूमिका की विवेचना कीजिए ।
Discuss the role of geographical factors in social change and development. 10

1.(d) यद्यपि समाजशास्त्र, अध्ययन के एक विषय के रूप में, समाजविज्ञानों के सभी विषयों को सर्व समावेशित करता है, तो भी यह अपनी विशिष्टताओं को बनाये हुए है । टिप्पणी कीजिये ।
Although sociology, as a subject of study, overarches all disciplines in social sciences yet it maintains its distinctiveness. Comment. 10

1.(e) सामाजिक एवं राजनीतिक परिवर्तन लाने में सामाजिक आन्दोलन, सामूहिक क्रिया एवं क्रान्ति के सम्बन्धों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिये ।
Explain in brief the relationship between social movement, collective action and revolution in bringing about social and political changes. 10

2.(a) समाज पर उत्पादन के पूँजीवादी तरीके के प्रभाव का वर्णन कीजिए ।
Describe the impact of capitalist mode of production on society. 20

2.(b) सामाजिक संस्तरण एवं सामाजिक अपवर्जन में विभेद कीजिए तथा जाति व्यवस्था के संदर्भ में, अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।
Differentiate between social hierarchy and social exclusion and substantiate your answer with reference to the caste system. 20

2.(c) 'आंकड़े बिना सिद्धान्त के निरुद्देश्य होते हैं एवं सिद्धान्त बिना आकड़ों के निष्फल (रिक्त) होता है ।' टिप्पणी कीजिये ।
'Data without theory is blind and theory without data is empty.' Comment. 10

3.(a) आधुनिक समाज में धर्म तथा विज्ञान के सम्बन्धों की विवेचना कीजिए । क्या वे अनिवार्य रूप से द्वन्द्व में रहते हैं ?
Discuss the relationship between religion and science in modern society. Do they necessarily remain in conflict ? 20

3.(b) क्या सामाजिक वास्तविकता के विश्लेषण में 'प्रत्यक्षवाद' के सापेक्ष 'निर्वचन वाद' अधिक प्रभावशाली है ? विवेचना कीजिए ।
Is 'interpretativism' more effective than 'positivism' in analysing social reality ? Discuss. 20

Optional Province · optionalprovince.com

3. (c) इमाईल डरखाईम किस प्रकार से धर्म को एक 'सामाजिक तथ्य' के रूप में अवधारणीकृत करता है ? व्याख्या कीजिये ।

How does Emile Durkheim conceptualize religion as a 'social fact' ? Explain. 10

4. (a) शक्ति के प्रमुख सिद्धान्तों की विस्तार से व्याख्या कीजिए । आधुनिक समाज में शक्ति अभिजन किस तरह राजनैतिक प्रक्रिया को आकार (स्वरूप) प्रदान करता है ?

Elaborate major sociological theories of power. How do power elite shape the political process in modern societies ? 20

4. (b) ग्रामीण गृहस्थी पर प्रवास के सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का मूल्यांकन कीजिये ।

Evaluate the socio-economic impacts of migration on rural households. 20

4. (c) 'जटिल सामाजिक घटनाओं को समझने में समाजशास्त्र की पद्धतियाँ अपर्याप्त हैं' । विवेचना कीजिये ।

'The methods of sociology are inadequate in understanding the complex social phenomena'. Discuss. 10

खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : 10×5=50

5. (a) समाजशास्त्र के शोधार्थियों के समक्ष प्रमुख चुनौती सामाजिक वास्तविकता का वस्तुनिष्ठ विश्लेषण करने की है । समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये ।

The major challenge for sociology researchers is to analyze social reality objectively. Critically analyze. 10

5. (b) समाजशास्त्र में 'परिस्थिति की परिभाषा' की अवधारणा तथा इसके महत्व की व्याख्या कीजिए ।

Explain the concept of 'definition of the situation' and its significance in sociology. 10

5. (c) किस तरह से 'पितृसत्तात्मक सौदा' की अवधारणा को विवाह संस्था को समझने के लिये प्रयोग किया जा सकता है ? टिप्पणी कीजिये ।

In what way the concept of 'patriarchal bargain' be applied to the institution of marriage ? Comment. 10

5. (d) मैक्स वेबर का 'सत्ता का सिद्धान्त' किस तरह नौकरशाही को आकार (स्वरूप) प्रदान करता है ? विश्लेषण कीजिये ।

How does Max Weber's 'theory of authority' shape bureaucracy ? Analyse. 10

5. (e) विभिन्न सिद्धान्त सामाजिक आन्दोलनों के आयामों की व्याख्या किस प्रकार करते हैं ? विवेचना कीजिए ।

How do different theories explain social dimensions of social movements ? Discuss. 10

Optional Province · optionalprovince.com

6. (a) समाजशास्त्र के बौद्धिक उद्भव तथा इसके उद्विकास के ऐतिहासिक पूर्ववृत्तों की विवेचना एक अलग अध्ययन क्षेत्र के रूप में कीजिए ।

Discuss the intellectual origins of sociology and the historical antecedents of its evolution as a distinct field of study. 20

6. (b) 'उत्पादन की प्रणाली' विमर्श का विभिन्न परिप्रेक्ष्य से समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिये ।

Critically analyse the mode of production debate from different perspectives. 20

6. (c) किस तरह नये 'पंथों' एवं 'संप्रदायों' का उदय अन्तर्जातीय सम्बन्धों को प्रभावित करता है ?

How does the rise of new 'cults' and 'sects' influence intercaste relations ? 10

7. (a) समाजशास्त्र में 'सिद्धान्त केन्द्रित अनुसंधान' (थ्योरी ड्रिवेन रिसर्च) विधियों के साथ 'अधिष्ठानित सिद्धान्त' (ग्राउन्डेड थ्योरी) की तुलना कीजिये तथा समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिये ।

Compare and critically assess 'the grounded theory' with 'theory-driven research method' in sociology. 20

7. (b) वेबर के अनुसार कैसे वर्ग, प्रस्थिति तथा शक्ति की अंतर्क्रिया सामाजिक असमानता का निर्माण एवं पोषण करते हैं ?

According to Weber how do class, status and power interact to produce and sustain social inequality ? 20

7. (c) 'औद्योगिक पूँजीवाद' एवं 'प्लेटफॉर्म पूँजीवाद' में कार्य के सामाजिक संगठन की तुलना कीजिए ।

Compare the social organisation of work in industrial capitalism and platform capitalism. 10

8. (a) एक प्रजातंत्र में राष्ट्र, राज्य तथा नागरिकता की अवधारणाएं किस तरह अन्तर्सम्बन्धित हैं ? विस्तार से बताइये ।

How are the concepts of nation, state and citizenship interrelated in a democracy ? Elaborate. 20

8. (b) सामाजिक परिवर्तन के चक्रीय सिद्धान्त की समकालीन समाजों को समझने में सार्थकता का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Critically evaluate the relevance of the cyclical theory of social change in understanding contemporary societies. 20

8. (c) सामाजिक अनुसंधान में 'प्रतिच्छेदात्मकता' के महत्व एवं सीमाओं की विवेचना कीजिए ।

Discuss the significance and limitations of 'intersectionality' in social research. 10

Optional Province · optionalprovince.com